समाचार

# 27 मई को वार्ड क्र. 02, 14, 21, 37, 42, 52, 57, 65 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 26 मई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 27 मई गुरूवार को वार्ड क्र. 02, 14, 21, 37, 42, 52, 57, 65 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1029 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 49149 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 मई गुरूवार को वार्ड क्र. 02 गणेश पण्डाल गेरवाघाट, वार्ड क्र. 14 मैंगजीनभांठा सामुदायिक मंच दशहरा मैदान के पास, वार्ड क्र. 21 कांशीनगर आंगनबाड़ी के पास गांधी पुतला, वार्ड क्र. 37 दैहानपारा पानी टंकी के पास, वार्ड क्र. 42 न्यू शांतिनगर स्टेज, वार्ड क्र. 52 नगोईखार राकेश वीडियो गली सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 57 प्रेमनगर सामुदायिक भवन एवं वार्ड क्र. 65 बांकी नम्बर–2 बस्ती सामुदायिक भवन में मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।